नमूना प्रश्न पत्र

कोड न.2501

कक्षा 9

समय : 3 घंटे कुल अंक : 80

नोट :(1)सभी प्रश्न अनिवार्य है।

(2) प्रश्नों के निर्धारित अंक उनके सामने दिए हैं।

खंड (क)

प्रश्न 1 व्याकरण पर आधारित निम्नलिखित बहुविकल्पीय प्रश्नों के उचित विकल्प चुनकर अपनी उत्तरपुस्तिका मे लिखिए। 1x7=7

(क) काली घटा का घमंड घटा मे ___अलंकार है।

(i) उपमा। (ii) श्लेष

(iii) रूपक। (iv) यमक

(ख) अत्यधिक मे उपसर्ग है।

(i) अति (ii) अत्ये

(iii) अत (iv) आती

(ग) धीरे - धीरे शब्द है

(i) क्रियाविशेषण। (ii) संज्ञा

(iii) सर्वनाम (iv) विशेषण

(घ) मनोरथ का पर्यायवाची है

(i) इच्छा। (ii) जोश

(iii) उद्यान। (iv) उमंग



Download from www.MsEducationTv.com

(ङ) पंजाबी भाषा की लिपि का नाम है

(i) उर्दू।  (ii) ब्राह्मी

(iii) गुरुमुखी।  (iv) रोमन

(च) अमावस्या का विलोम बताइए

(i) अस्त।  (ii) पूर्णिमा

(iii) उदय।  (iv) इति

(छ) दो या दो से अधिक शब्दों के सार्थक समूह को ______ कहते हैं ।

(i) शब्द।  (ii) समास

(iii) अर्थ।  (iv) वाक्य

प्रश्न 2 निम्नलिखित प्रश्नों के यथानिर्दिष्ट उत्तर दीजिए। 2×4=8

(क) र की मात्रा का प्रयोग करते हुए कोई दो शब्द बनाइए।

(ख) मुहावरों का अर्थ लिख कर वाक्य बनाइए

i. अपने मुंह मियां मिट्ठू बनना
ii. कमर कसना

(ग) बहुब्रीहि समास किसे कहते हैं? उदाहरण सहित समझाइए।

(घ) विकारी और अविकारी शब्द मे अंतर बताइए।

प्रश्न 3 निम्नलिखित में से कोई एक विषय पर निबंध लिखिए। 1x5=5

(क) वृक्षारोपण

(ख) श्रम का महत्व

(ग) नारी सशक्तिकरण

(घ) स्वदेश प्रेम

(च) भारत की वैज्ञानिक प्रगति



Download from www.MsEducationTv.com

प्रश्न 4 अपनी कक्षा में प्रथम आने की सूचना अपने पिता जी को पत्र द्वारा दीजिए।

अथवा 5

अपने विद्यालय के प्रधानाध्यापक को छात्रवृत्ति के लिए आवेदन-पत्र लिखिए।

## खंड (ख)

प्रश्न 5 क्षितिज (काव्य खंड )के आधार पर निम्नलिखित बहुविकल्पीय प्रश्नों के उचित विकल्प चुनकर अपनी पुस्तिका मे लिखिए। 1×6=6

(क) काबा किसका पवित्र स्थान है?

(i) हिन्दुओं का। (ii) सिक्खों का
(iii) मुसलमानों का (iv) ईसाइयों का

(ख) कवयित्री ने उतराई किसे माना है?

(i) लड़ाई को (ii) क्रोध को
(iii) सदकर्मों को (iv) ईर्ष्या को

(ग) ' मोरपखा सिर ऊपर राखिहों ' सवैये में कवि किसके रूप का अनुकरण करने का वर्णन है?

(i) राम। (ii) सीता
(iii) राधा। (iv) कृष्ण

(घ)' कैदी और कोकिला'। कविता के कवि का नाम बताइए।

(i) माखन लाल चतुर्वेदी (ii) मक्खन लाल
(iii) सर्वेश्वर दयाल। (iv) जयशंकर प्रसाद



Download from www.MsEducationTv.com

(ड ) खेतों मे फैली हरियाली कैसी दिखाई देती है?

(i) मखमल के समान कोमल (ii) बिखरी हुई

(iii) लाल रंग की। (iv) आकाश के समान

(च) बच्चों का काम पर जाना उनकी क्या है?

(i) प्रसन्नता। (ii) संपन्नता।

(iii) विवशता (iv) आदत

प्रश्न 6 निम्नलिखित काव्यांश को पढ़ कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

पखापखी के कारनै , सब जग रहा भुलान ।
निरपख होई के हरि भजै, सोई संत सुजान।|                1x5=5

(क) प्रस्तुत काव्याँश के कवि कौन है?

(ख) पखापखी का क्या अर्थ है?

(ग) सारा जग किसको भुला रहा है?

(घ) सच्चा संत कौन है?

(ड) सोई संत सुजान मे कौन सा अलंकार है?

प्रश्न 7 कबीर की दृष्टि में 'मान सरोवर' और ' सुभर जल' में का क्या अर्थ है?

अथवा                3

ब्रजभूमि के प्रति कवि का प्रेम किन किन रूपों में अभिव्यक्त हुआ है?



Download from www.MsEducationTv.com

प्रश्न 8 निम्नलिखित काव्यांश का काव्य सौंदर्य लिखिए। 3

पाहुन ज्यों आए हों गांव के शहर के
मेघ आए बन-ठन के संवर के

प्रश्न 9 किस शासन की तुलना तम से की गई है? 3

## खंड (ग)

प्रश्न 10 क्षितिज (गद्य खंड) के आधार पीआर निम्नलिखित बहुविकल्पीय प्रश्नों के उचित विकल्प चुनकर अपनी उत्तर पुस्तिका में लिखिए: 1×6=6

(क ) लेखक के अनुसार गधे मे किनके गुण पराकाष्ठा को पहुंच गए हैं?

(i) जनता के। (ii) जानवर के
(iii) ऋषिमुनियों के। (iv) व्यापारियों के।

(ख) ल्हासा की ओर किस विधा की रचना है?

(i) यात्रा वृतांत (ii) कहानी
(iii) निबंध। (iv) कविता

(ग) उपभोक्तावाद की संस्कृति पाठ में लेखक ने किसे सावधान किया है?

(i) अध्यापकों को। (ii) छात्रों को
(iii) आम जनमानस को। (iv) विज्ञापन बनाने वालों को

(घ) सालिम अली केरल की किस वैली को रेगिस्तान हवा से बचाना चाहते थे?

(i) केरल वैली। (ii) बर्ड वैली
(iii) साइलेंट वैली। (iv) होली

(ड) लेखक हरिशंकर परसाई के पास किसका चित्र था?



Download from www.MsEducationTv.com

(i) स्वामी जी का।　　　　　　(ii) ईश्वर का
(iii) प्रेमचंद का　　　　　　(iv) बैलों का

(च)। महादेवी वर्मा को छात्रावास में कौन सी लड़की मिली थी?
(i) सुभद्रा कुमारी चौहान।　　　　(ii) जेबुनिंस्सा
(iii) मृदुला गर्ग।　　　　　　(iv) माधुरी

प्रश्न 11 तिब्बत की जमीन बहुत अधिक छोटे बड़े जागीरदारों मे बंटी है । इन जागीरों का बहुत ज्यादा हिस्सा मठों (विहारों) के हाथ में है । अपनी अपनी जागीर में हरेक जागीरदार कुछ खेती खुद भी करता है जिसके लिए मजदूर बेगार में मिल जाते हैं। खेती का इंतजाम देखने के लिए वहां कोई भिक्षु भेजा जाता है जो जागीर के आदमियों के लिए राजा से कम नही होता। 1x5=5

(क) प्रस्तुत गद्यांश के पाठ व लेखक का नाम बताइए।
(ख) तिब्बत की जमीन कैसे बंटी हुई थी?
(ग) तिब्बत में जागीरदार खेती कैसे और किन से करते थे?
(घ) खेती का इंतजाम कौन देखता था?
(ड) बेगार का क्या अर्थ है?

प्रश्न 12 मुंशी प्रेमचन्द अथवा राहुल सांकृत्यायन का जीवन परिचय देते हुए उनकी रचनाओं, साहित्यिक विशेषताओं एवम भाषाशैली पर प्रकाश डालिए| 5

प्रश्न 13 किन्ही दो प्रश्नों के उत्तर दीजिए: 2+2=4
(क)उपभोक्तावाद की संस्कृति पाठ का मूल भाव स्पष्ट कीजिए।
(ख)किस घटना ने सालिम अली के जीवन की दिशा को बदल दिया?
(ग)लेखक के अनुसार मुंशी प्रेमचंद का स्वभाव कैसा था?



Download from www.MsEducationTv.com

## खंड -घ

प्रश्न 14 कृतिका (भाग 2) के आधार पर निम्नलिखित में से किन्ही दो प्रश्नों के उत्तर दीजिए|

(क) रामस्वरूप का अपनी बेटी को उच्च शिक्षा दिलवाना और विवाह के लिए छिपाना, यह विरोधाभास उनकी किस विवशता को उजागर करता है?

अथवा 3

रीढ़ की हड्डी एकांकी का क्या उद्देश्य है ?

(ख)बाढ़ की खबर सुनकर लोग किस तरह की तैयारी करने लगे? 2

(ग) लेखिका ने अपनी नानी को कभी देखा नहीं फिर भी उनके व्यक्तित्व से वे क्यों प्रभावित थीं? 2

प्रश्न 15 आदर्श जीवन मूल्य माध्यमा के आधार पर निम्नलिखित किन्ही 4 प्रश्नों के उत्तर दीजिए: 2×4=8

(क) जीवन में दिव्य लक्षणों का क्या महत्व है?

(ख) बुद्धि पर संगति का क्या प्रभाव पड़ता है?

(ग) सज्जन लोग अपने गुरुजनों एयर श्रेष्ठजनों के पास क्यों गया?

(घ) बुद्धदेव ने आपसी शत्रुता समाप्त करने के लिए क्या उपाय सुझाया?

(ड) मनुष्य के जीवन की सार्थकता किसमें हैं?



Download from www.MsEducationTv.com